प्रेरणा

ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करे बल्कि ध्यान भी लगाए। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 25 NOVEMBER TO 01DECEMBER 2022 • VOLUME-19 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

CONSULTING DESIGN TRAINING

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड : राष्ट्रीय जांच एजेंसी को मिला लॉरेंस बिश्नोई का 10 दिन का रिमांड

• जालंधर ब्रीज.बठिंडा

पटियाला हाउस कोर्ट ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने अदालत से कहा कि सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले में बिश्नोई से पूछताछ करने की जरूरत है। एनआईए ने कहा 'पाकिस्तान से सामग्री आ रही है। मूसेवाला जैसे लोग सिर्फ निशाने पर होते हैं। एक बड़ी साजिश की जांच की जा रही है।' पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एनआईए ने लॉरेंस बिश्नोई को उसके खिलाफ दर्ज एक मामले में हिरासत में लिया और उसे साथ लेकर चली गई। वह वर्तमान में राज्य में उसके खिलाफ कुछ अन्य मामलों में बठिंडा जेल में बंद था। इस साल जून में पंजाब पुलिस गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पूछताछ के लिए बिश्नोई को दिल्ली से पंजाब लाई थी।

लॉरेंस बिश्नोई को बाद में पंजाब में उसके खिलाफ दर्ज कई अन्य मामलों में राज्य पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। गैंगस्टर व उसके कुछ साथी हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली सहित कई आपराधिक मामलों में वांछित थे।

सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की 29 मई को पंजाब के मनसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सिद्धू मूसेवाला की उस समय हत्या कर दी गई जब वह अपने दोस्त और चचेरे भाई के साथ मनसा के जवाहर के गांव में एक जीप में यात्रा कर रहा था। छह हमलावरों ने उनके वाहन का रास्ता रोका और उन पर गोलियां बरसाईं। कनाडा के गोल्डी बराड़, जो लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य हैं, ने दावा किया था कि वह हत्या के पीछे थे।

लेक क्लब चंडीगढ़ में सीएजी कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

महानिदेशक (केंद्रीय), चंडीगढ़, भारत के नियंत्रक जनरल के क्षेत्रीय कार्यालयों में से एक ने चंडीगढ़ में स्थित केंद्रशासित प्रदेश और भारत सरकार के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ एक विचार-विमर्श का आयोजन किया। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के प्रशासक, बनवारीलाल पुरोहित, और अध्यक्ष, हरियाणा विधानसभा, ज्ञान चंद गुप्ता ने क्रमशः मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। पुलिस बैंड और कैवलरी पुलिस कर्मियों की उपस्थिति ने शाम को अनुशासन का स्वाद दिया।

बनवारीलाल पुरोहित ने उत्कृष्ट स्टाफ सदस्यों को उनकी बहुमूल्य सेवाओं के लिए सराहना का टोकन दिया और राष्ट्र निर्माण में सीएजी और उसके कार्यालयों की भूमिका की सराहना की। संजीव गोयल, महानिदेशक (केंद्रीय) ने दोहराया कि यह आयोजन हितधारकों को लेखापरीक्षा के तेजी से बदलते परीक्षा क्षेत्रों के बारे में अवगत कराने के लिए किया गया है, यानी भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन में गलती खोजने वाले से भागीदार बनने के लिए आसान बदलाव। सीएजी की इस भूमिका ने और अधिक महत्व प्राप्त कर लिया है क्योंकि अधिक से अधिक बजट संयुक्त राष्ट्र के 17 सहस्राब्दी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं में प्रवाहित हो रहा है, जिसमें भारत सरकार की पहले से चल रही योजनाओं के साथ-साथ भारत भी हस्ताक्षरकर्ता है। संजीव गोयल ने यह भी कहा, "योजनाओं के कार्यान्वयन में निगरानी और मूल्यांकन प्रमुख अंतर है और एक संगठन के रूप में सीएजी सामाजिक कार्यक्रमों पर अधिक से अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका उद्देश्य कार्यपालिका को ऐसे कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन की सलाह देना है ताकि परिकल्पित परिणाम समय पर प्राप्त हो सकें।"

सचिन पायलट 'गद्दार' हैं, कभी सीएम नहीं बन पाएंगे : अशोक गहलोत

जयपुर : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ गुजरात में प्रचार करने पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर बहुत बुरी तरह बरसे। चैनल से पूरी बातचीत में गहलोत ने पायलट को छह बार 'गद्दार' कहा। उन्होंने कहा, 'एक गद्दार मुख्यमंत्री नहीं बन सकता... हाईकमान सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बना सकता, एक ऐसा शख्स, जिसके पास 10 विधायक भी नहीं हैं... ऐसा शख्स, जिसने विद्रोह किया... उन्होंने पार्टी को धोखा दिया, वह गद्दार हैं...।'

इंटरव्यू के दौरान अशोक गहलोत ने 2020 में हुई 'बगावत' के बारे में विस्तार से बताया, 'यह संभवतः हिन्दुस्तान में पहली बार हुआ होगा, जब एक पार्टी अध्यक्ष ने अपनी ही सरकार गिराने की कोशिश की।' अशोक गहलोत ने कोई सबूत पेश नहीं किया, लेकिन कहा कि इस बगावत को 'भारतीय जनता पार्टी ने फंड किया था' और इसके पीछे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित बीजेपी के वरिष्ठ नेता शामिल थे।

उस वक्त दो साल तक राजस्थान के डिप्टी सीएम रह चुके सचिन पायलट 19 विधायकों को लेकर दिल्ली के निकट एक पांच-सितारा रिसॉर्ट में पहुंच गए थे। यह कांग्रेस को सीधी चुनौती थी - या उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए या वह कांग्रेस छोड़कर चले जाएंगे, और इसी वजह से कुछ ही राज्यों में शासन कर रही पार्टी एक राज्य में टूट भी गई थी लेकिन यह चुनौती कतई नाकाम साबित हुई।

जामा मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर रोक, महिला आयोग ने जारी किया नोटिस

नई दिल्ली. दिल्ली के ऐतिहासिक जामा मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला लिया गया है। यह फैसला मस्जिद प्रशासन की ओर से है। मस्जिद प्रशासन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक मस्जिद में अकेले या लड़कियों के समूह के प्रवेश पर रोक है। मस्जिद के बाहर साइन बोर्ड पर भी एक पर्ची चिपका दिया गया है। अब इसी को लेकर बवाल मच गया है। दिल्ली महिला आयोग ने शाही इमाम को नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने साफ तौर पर कहा है कि यह शर्मनाक हरकत है। उन्होंने कहा कि यह भारत है ईरान नहीं है।

जेडीए डिफाल्टर प्रमोटरों की कलोनियों में संपत्ति की रजिस्ट्रेशन पर पाबंदी

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

जालंधर, कपूरथला और होशियारपुर जिलो में 28 लाइसैंसी कलोनियों के प्रमोटरों खिलाफ सख्ती करते हुए जालंधर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने इन कलोनियों में संपत्ति की रजिस्ट्रेशन पर रोक लगा दी है।

मुख्य प्रशासक जालंधर विकास अथारिटी दीपशिखा शर्मा ने बताया कि इन लाइसैंसी कलोनियों के डिफाल्टर प्रमोटरों को ईडीसी, लाइसैंस फीस, एसआईएफ और ई.डब्ल्यू.एस. की बनती 32.07 करोड़ रुपये की बकाया राशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया है, हालांकि इन कलोनियों के प्रमोटरों ने कभी भी बकाया राशि जमा नहीं की है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के निर्देश पर इन प्रमोटरों को बकाया राशि जमा करने पर 7.5 प्रतिशत ब्याज की राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि बकायादारों को पोस्ट डेटेड चेक के माध्यम से मासिक किस्तों में बकाया शुल्क जमा करने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद 17 प्रमोटरों द्वारा बकाया राशि जमा कराने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है और न ही कोई पोस्ट डेटेड चेक जारी किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि इस तरह की गतिविधियों से होने वाले वित्तीय नुकसान को ध्यान में रखते हुए, जालंधर विकास अथारिटी संबंधित डीसी और उप रजिस्ट्रारों को इन डिफाल्टर प्रमोटरों की कलोनियों में संपत्तियों की रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया है।

रिश्वत लेता राजस्व पटवारी रंगे हाथों काबू

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरूवार को होशियारपुर ज़िले के दसूहा में तैनात राजस्व पटवारी लखबीर सिंह को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू किया। गिरदावार तेजिन्दर सिंह गोल्डी को भी नामज़द किया गया है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पटवारी को जुगराज सिंह निवासी गाँव उस्मान शहीद, तहसील दसूहा की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने दोष लगाया कि उक्त पटवारी और गिरदावार उसकी पैतृक कृषि योग्य ज़मीन की तक्सीम और निशानदेही करने के लिए 10,000 रुपए की रिश्वत की माँग कर रहे हैं। जांच के बाद विजीलैंस की टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू कर लिया।

कानूनगो रिश्वत लेता काबू

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने भगुरूवार को सर्कल ठठी सोहल, तरन तारन जिले में तैनात राजस्व कानूगो ओम प्रकाश को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कानूनगो को भलविन्दर सिंह निवासी गाँव झबाल, ज़िला तरन तारन की शिकायत पर गिरफ़्तार किया है। शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि राजस्व अधिकारी उसके रिश्तेदार की हदबंदी रिपोर्ट देने के एवज में 25,000 रुपए माँग रहा है और सौदा 10,000 रुपए में तय हुआ है। जांच के बाद विजीलैंस की एक टीम ने जाल बिछाया और दोषी को रिश्वत लेते हुये दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में पकड़ा।

ओवरलोडेड वाहनों को रोकना प्रशासन के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन

• जालंधर ब्रीज. जालंधर

पूरे देश में सड़क हादसों के मामलों में दिन प्रति दिन वृद्धि हो रही है जिसका मुख्य कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर कई सालों से बने ब्लैक स्पॉट्स ठीक न होना। वहीं ओवरलोडेड वाहनों पर किसी तरह की नकेल न कसना ट्रांसपोर्ट विभाग की बड़ी लापरवाही साबित हो रही है।

ऐसा ही एक मामला पंजाब के जालंधर फगवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-44 पर देखने को मिला, जब मंडियों से धान लेकर जा रहा ओवरलोडेड ट्रक बीच सड़क पलट जाने की वजह से साथ चल रही गाड़ी नीचे दबने से बाल-बाल बच गई और कार चालक को मामूली चोटें आईं जिसमें गाड़ी का अगला बम्पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

जालंधर ब्रीज द्वारा ओवरलोडेड वाहनों के गंभीर मुद्दे को अपने समाचार पत्र में समय-समय पर प्रकाशित करके प्रशासन को जगाने का प्रयास किया जा रहा है। परन्तु ट्रांसपोर्ट और पुलिस विभाग के आपसी तालमेल की कमी के कारण पंजाब में ऐसे हादसे कई जिलों में आने वाले दिनों में और देखने को मिल सकते हैं।

जिक्रयोग्य है कि पंजाब में पिछली सरकारों द्वारा इस मुद्दे पर किसी तरह की सख्ती नहीं बरती गई जिस कारण आज उन्हें सत्ता से बाहर होना पड़ा और अब जब जनता ने आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर उन्हें 92 सीटों से जीत दिलवाई है लेकिन आम जनता ओवरलोडेड वाहनों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न होते देख दुखी हैं।

बता दें कि सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और ट्रांसपोर्ट विभाग को हिदायतें भी दी जाती है कि वह स्कूल-कॉलेज में जाकर बच्चों को सड़क नियमों संबंधी जागरूक करें। परन्तु ट्रांसपोर्ट माफिया द्वारा सड़क पर चल रहे अपने वाहनों को ओवरलोड करके चलना और सड़क नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाना कहीं न कहीं बच्चों के मन में भी प्रशासन के प्रति नियमों को लेकर भेदभाव के सवाल खड़े कर रहा है।

प्रशासन के अधिकारी और राजनेता सड़क पर चल रहे इन ओवरलोडेड वाहनों को देख कर भी अपनी आंखें बंद कर लेते हैं और इस गंभीर समस्या के बारे में पूरी तरह चुप्पी साधे बैठे हैं। लेकिन वह इस बात को भूल रहे है कि कहीं न कहीं वह और उनके परिवार के सदस्य भी इन वाहनों के पास से गुजरते हैं और अनहोनी किसी व्यक्ति विशेष को नहीं देखती। आने वाले समय में इस तरह की अनहोनी किसके साथ घट जाए यह कोई नहीं जानता।

वहीं राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर महंगे टोल इकट्ठे कर रही कंपनियां भी इन ट्रांसपोर्ट माफिया के साथ लिप्त होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं करती।

अगर आने वाले दिनों में सरकार सच में बच्चों को विदेशों में जाने से रोकना चाहती है और पंजाब को खुशहाल बनाना चाहती है तो उन्हें लोगों की जान माल की फिक्र करते हुए प्राथमिकता के आधार पर सड़क सुरक्षा नियम को सख्ती से लागू करने होंगे। तब जाकर सड़क पर अकारण जा रहीं बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है, अगर इस ओर जल्द ही कोई ठोस कदम न उठाया गया तो अगला नंबर इन ओवरलोडेड वाहनों के नीचे आने का किसका है यह कोई नहीं जानता।

जालंधर-फगवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-44 पर पलटा ओवरलोड ट्रक



अब तक हजारों की जानें जा चुकी हैं इन ओवरलोडेड वाहनों के कारण...

सड़क सुरक्षा के सारे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे ओवरलोडेड वाहन

क्या ट्रांसपोर्ट मंत्री भी ट्रांसपोर्ट माफिया के साथ लिप्त है ?

जालंधर ब्रीज के पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग

इस हादसे में बाल-बाल बचा क्षतिग्रस्त वाहन सवार...

जिस कतर से कभी पलायन कर गए थे लोग, आज वह कैसे बना इतना अमीर मुल्क; सिर्फ 70 साल की है इसकी कहानी

• **जालंधर ब्रीज.** नॉलेज

फुटबॉल विश्व कप आमतौर पर यूरोप और साउथ अमेरिका के देशों में ही होता रहा है, लेकिन इस बार कतर जैसे अरब देश में इसका आयोजन हो रहा है। यह अपने आप में बड़ी घटना इसलिए है क्योंकि कुछ साल पहले तक शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कतर कभी वर्ल्ड कप का मेजबान होगा। 12 हजार वर्ग किमी में फैले कतर की एक सदी पहले ऐसी स्थिति थी कि इसे रहने के लिए आदर्श नहीं माना जाता था। यहां रहने वाले लोगों में ज्यादा आबादी उन लोगों की थी जो मछुआरे थे या फिर मोती चुनते थे। इन लोगों की खानाबदोश जिंदगी थी और ये घूमंतू प्रजाति के थे। हालांकि अब कतर भी किसी भी समृद्ध मुल्क के जैसा है। इस्लामिक देशों में इसकी अच्छी खासी साख है।

QATAR

कतर में 90 या उससे अधिक आयु के लोगों को आज भी याद है कि कैसे 1930 से 40 के दशक में हालात खराब थे। यही वह टाइम था, जब जापान ने मोतियों का उत्पादन शुरू कर दिया। इससे कतर के हालात बिगड़ गए थे। इसके चलते कतर की बड़ी आबादी पलायन करके विदेश चली गई थी और यहां रहने वाले लोगों की संख्या महज 24 हजार पर ही सिमट कर रह गई। हालांकि कतर के दिन 1939 में तब बहुरे, जब यहां तेल के खजाने का पता चला। 20वीं शताब्दी के मध्य में क़तर के ख़जाने में तेज़ी से बढ़त होने लगी और वह दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में शुमार हो गया।

7 दशकों में कैसे कतर ने भरी उड़ान : ब्लैक गोल्ड कहे जाने वाले पेट्रोलियम की जब कतर में खोज हुई, तब वहां अंग्रेजी राज था। कई सालों की खोज के बाद पहला भंडार 1939 में देश के पश्चिमी तट पर दोहा से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर दुखान में पाया गया। हालांकि तब इसका फायदा नहीं मिल सका क्योंकि दुनिया दूसरे विश्व युद्ध में परेशान थी। 1949 में कतर ने तेल का एक्सपोर्ट शुरू किया और फिर इस खानाबदोश लोगों के देश में समृद्धि आने लगी। एक समय कतर से लोग निकले थे और तीन दशक के अंदर हालात ऐसे हो गए कि दूसरे देशों से लोग यहां आने लगे।

कतर में रहने वाले लोगों में ज्यादा आबादी उन लोगों की थी जो मछुआरे थे या फिर मोती चुनते थे। इन लोगों की खानाबदोश जिंदगी थी और ये घूमंतू प्रजाति के थे। हालांकि अब कतर भी किसी भी समृद्ध मुल्क के जैसा है।

12 सालों में ही बना डाला सिटी को स्मार्ट ट्रेन, एयरपोर्ट, वर्ल्ड लेवल होटल्स सबकुछ...

कैसे तेल के बाद गैसे ने भी दी कतर को रफ्तार : प्रवासियों और निवेशकों ने कतर में कतार लगा ली। इससे आबादी बढ़ी और पैसा भी खूब आया। 1950 में क़तर की आबादी 25,000 से भी कम थी, जो 1970 तक 100,000 से अधिक हो गई। यही नहीं जीडीपी भी तेजी से बढ़ते हुए 300 मिलियन डॉलर तक जा पहुंची। इसके एक साल बाद ही ब्रिटिशर्स ने देश छोड़ा और कतर एक आजाद इस्लामिक मुल्क बना। इसी दौर में यहां प्राकृतिरक गैस की भी खोज हुई और फिर तो कतर ने समृद्धि के नए आयाम छुए। यहां दुनिया के प्राकृतिक गैस का 10 फीसदी हिस्सा पाया जाता है।

कतर के विश्व कप से क्यों दूरी बरत रहे यूरोप के देश : कतर भले ही कई दशकों से समृद्ध देश है, लेकिन वैश्विक स्तर पर उसकी कोई बड़ी राजनीतिक धमक नहीं थी। ऐसे में इस फुटबॉल वर्ल्ड कप से उसे उम्मीद है कि उसकी पहचान दुनिया भर में होगी। क़तर ने फुटबॉल विश्व कप के आयोजन के लिए 2 लाख मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च किया है, जो इतिहास में अब तक का सबसे महंगा फीफा विश्व कप है। इसमें आठ स्टेडियम, एक नया हवाई अड्डा और एक नई मेट्रो लाइन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए गए हैं। हालांकि इसके बाद भी कतर से यूरोपीय देश दूरी बनाते दिख रहे हैं। वर्ल्ड कप के उद्घाटन के मौके पर सऊदी अरब और मिस्र जैसे देशों के नेता तो दिखे, लेकिन यूके, ब्राजील समेत तमाम अन्य देशों ने शिरकत नहीं की। इसकी वजह कतर की एलजीबीटी समुदाय को लेकर कट्टर सोच और उदारता की कमी मानी जा रही है।

FASHION+

वुमन कैप सर्दी की हिफाजत के साथ फैशन की भी है एक स्टाइलिश अदा

हर मौसम के अपने खूबसूरत रंग हैं। सर्दीयों के फैशन की बात करें तो इसमें कुछ ऐसे स्टाइल शामिल किए जाते हैं जो आपके स्मार्ट तो दिखाएं ही, वहीं सर्दी से भी आपकी हिफाजत करें। इसमें कैप्स प्रमुख हैं। पहले जहां महिलाएं सिर्फ स्कार्फ तक ही सीमित थीं वहीं अब उनके फैशन स्टाइल्स में कैप ने भी अपनी एक खास जगह बना ली है। इसे एक फैशन एसैसरी कहना गलत नहीं होगा। समर्स में लोग इसे पहनकर धूप से अपनी हिफाजत करते हैं वहीं सर्दी में वुलन कैप आपको बफीर्ली हवाओं से बचाकर रखती हैं।

वुमन कैप्स की बात करें तो यह कई डिजाइंस और फैब्रिक में असती है।आप वूलन कैप, बेरेट कैप, बेसबॉल कॉटन कैप और बेनी कैप अपनी जरुरत और पसंद के अनुसार ले सकते हैं। कैप्स अक्सर कॉटन या ऊनी होती हैं। यह कैप्स आपके लुक को स्टाइलिश और ग्लैमरस करती हैं।

वुमंस वुलन कैप

तेज ठंड में पहने जानी वाली यह बहुत खूबसूरत कैप है। यह कैप अपने कलर की वजह से बेहद स्टाइलिया नजर आती है। इसका ग्रे फोल्ड इसे अलग बनाता है। ऊन से बनी यह कैप बर्फीली हवाओं को रोकते हुए आपको गर्माहट देगी। यह न केवल सिर, बल्कि कानों को भी ढकती है। यह रेगुलर फिट कैप है। आप इसे कैजुअली भी पहन सकते हैं। इस हेड गियर को ड्राई क्लीन नहीं करना चाहिए।

वेंटवा स्पेन यूनीसेक्स वूल ब्लेंड फ्रेंच आर्टिस्ट बेरेट कैप

यह एक ग्लैमरस दिखने वाली बैरेट कैप है। यह बहुत ही आर्टीस्टिक लगती है। इसमें आपको 11 रंगों की कलर वैराइटी मिलेगी। जिसमें पिंक, लाइट ब्लू, येलो मैररुज जैसे रंग शामिल हैं। यह स्ट्रैच फिट के साथ आती है। यह ऊन, कॉटन अैर एक्रेलिक से बनी है। यह कैप यूनिसेक्स है।

यूनीसेक्स बेसबॉल कैप

यह एक ड्यूरेबल कैप है। इसे महिला और पुरुष दोनों पहन सकते हैं। इसका रख-रखाव करना आसान है। 100% कॉटन से बनी यह कैप आपके लुक को स्टाइलिश दिखाएगी। रेगुलर फिट यह कैप आप डांस, बेसबॉल मैच और कैजुअली पहन सकती हैं। इसे आसानी से हाथ से धोया जा सकता है।

विंटर यूनीसेक्स वुलन पश्मीना कश्मीरी बेनी हैट कैप

यह यूनिसेक्स कैप कश्मीरी ऊन से बनी है और इसे बीनी की तरह स्टाइल किया गया है। यह गर्म तो है ही वहीं इसकी सॉफ्टनेस भी कमाल की है। आप इसे भारी बर्फ में भी पहन सकते हैं और गर्म और फजी महसूस कर सकते हैं। राइड, साइकिलिंग, बाइक या मोटरसाइकिल राइड पर जाते समय यह आपके लिए परफैक्ट रहेगी। यह एयर प्रूफ है। यह पेस्टल, पिंक, ऑफ वाइट जैसे कलर्स में अवेलेबल है।

वुमंस वूलन कैप

यह एक और यूनिसेक्स कैप है, जो अपनी ड्यूरेबिलिटी के लिए जानी जाती है। यह कैप सर्दियों के लिए बेहद अनूकूल है। इसे पहनकर आपके कान और सिर पूरी तरह ढके रहेंगे। इतना ही नहीं यह सॉफ्ट और एंटी एलर्जिक है। लुक की बात करें तो यह सुपरकूल है। इसे आप कैजुअली पहन सकते हैं। सफर के दौरान भी यह अच्छी रहेगी।

टेस्टी रेसिपी : 30 मिनट में बनकर तैयार हो जाएंगे स्पाइसी पोटैटो

सबसे खास बात यह है कि आलू की यह डिश बहुत जल्दी बनकर तैयार हो जाती है। आलू की यह डिश बच्चों को बेहद पसंद आएगी। आइए, जानते हैं जल्दी कैसे बनाएं स्पाइसी रेसिपी।

आपका मन अगर कुछ स्पेशल खाने का कर रहा है और आपके पास ज्यादा टाइम नहीं है, तो आप आलू से एक स्वादिष्ट डिश बना सकते हैं। सबसे खास बात यह है कि आलू की यह डिश बहुत जल्दी बनकर तैयार हो जाती है। आलू की यह डिश बच्चों को बेहद पसंद आएगी। स्पाइसी पोटैटो की यह रेसिपी आधे घंटे में बनकर तैयार हो जाती है।

स्पाइसी पोटैटो बनाने की सामग्री-

- आलू
- कॉर्नफ्लोर
- हरी मिर्च
- हरा धनिया
- हरा कटा प्याज
- चाट मसाला
- काली मिर्च पाउडर
- चिली फ्लेक्स
- ओर्गेनिको

स्पाइसी पोटैटो बनाने की विधि-

स्पाइसी पोटैटो बनाने के लिए आलू को बीच से चार पीस में काट लें। इसके बाद आलू को शैलो फ्राई कर लें। जिससे कि यह अच्छी तरह से पक जाए। आप इसे धोकर इसमें कॉर्नफ्लोर की कोटिंग भी कर सकते हैं। इसके बाद आप इसे अच्छी तरह से फ्राई करने के बाद एक बाउल में निकाल लें। अब आप इसमें काला नमक, काली मिर्च पाउडर, चिली फ्लेक्स, ओर्गेनिको डाल दें। आप बारी कटा हुआ धनिया भी इस पर डाल सकते हैं। बारीक कटे हुए प्याज, हरी मिर्च डालने से इसका स्वाद बढ़ जाता है। इसे सर्व चटनी के साथ सर्व करें।

आप शाम की चाय के साथ इसे सर्व कर सकते हैं। इसका स्वाद बहुत ही स्पाइसी लगता है। बच्चों को खिलाने के लिए आप इसमें कम से कम मिर्च और मसाले डाल सकते हैं। बच्चों को यह डिश बहुत पसंद आएगी।

आप अगर डिशेज को देसी तरीके से खाने के शौकीन हैं, तो इसमें दही डालकर भी खा सकते हैं।

तीन इंच लंबाई बढ़ाने के लिए शख्स ने खर्च कर दिए एक करोड़ से अधिक रुपये

जालंधर ब्रीज. उन्होंने कहा, "मेरी पत्नी मुझसे ज्यादा इसके बारे में चिंतित थी और वह मुझे वैसे ही पसंद करती थी जैसे मैं था, बेशक, वह क्यों नहीं?।" रॉय ने कहा, "रिकवरी बहुत कठिन थी। साथ ही यह काफी दर्दनाक भी थी।" पैर से जुड़ी सर्जरी से गुजरने के बाद एक 68 वर्षीय बुजुर्ग की लंबाई तीन इंच बढ़ गई। इस सर्जरी के लिए बुजुर्ग ने 1.2 करोड़ रुपये खर्च किए। रॉय कॉन की लंबाई 5 फीट 6 इंच की थी, अब बढ़कर 5 फीट 9 इंच हो गई है।

KNOWLEDGE+

जब रॉय से पूछा गया कि आखिर उन्होंने अब सर्जरी क्यों करवाई, जब उनकी उम्र 60 साल से बहुत ज्यादा हो गई, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं थी। बचपन में इसके बारे में ज्यादा पता नहीं था। जैसा आपने कहा, मुझे अपने जीवन में अब समय मिला, क्योंकि अब मैं इसे वहन कर सकता हूं।"

उन्होंने कहा, "मेरी पत्नी मुझसे ज्यादा इसके बारे में चिंतित थी और वह मुझे वैसे ही पसंद करती थी जैसे मैं था, बेशक, वह क्यों नहीं?।" रॉय ने कहा, "रिकवरी बहुत कठिन थी। साथ ही यह काफी दर्दनाक भी थी।"

रॉय के सर्जन डॉ. केविन ने बताया कि सर्जरी को करने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लगा। इसमें मरीज को लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिसमें एक दिन में लगभग एक मिलीमीटर की लंबाई बढ़ती है। इस प्रक्रिया के दौरान आपको एक इंच के लिए 25 दिन और तीन इंच के लिए लगभग ढाई महीने का समय लगता है। डॉक्टर ने आगे कहा, "मुझे लगता है कि यदि आप लम्बे होने की योजना बना रहे हैं, तो शायद घर पर काम करना शायद उपयोगी है। हालांकि, कुछ दिन में आप पूरी तरह से सही भी हो जाएंगे और कहीं भी जा सकते हैं।"

सर्दियों में हर किसी को फॉलो करने चाहिए ये हेल्थ टिप्स

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

सर्दियां आते ही आपको कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए जिससे कि आप हेल्दी रह सकें। जैसे, आपको अगर सुबह-सुबह नहाने की आदत है, तो याद रखें कि

HEALTH+

आपको गीले बालों के साथ बाहर नहीं जाना चाहिए क्योंकि इससे जुकाम होने के चांसेस कहीं ज्यादा बढ़ जाते हैं। इसी तरह कुछ ऐसे ही हेल्थ टिप्स हैं, जो आपको हेल्दी रखने में मदद करते हैं।

गरम पानी पिएं

आपका पेट अगर साफ नहीं होता है, तो आपको सुबह उठकर गरम पानी पीना चाहिए। इससे न सिर्फ डाइजेस्टिव सिस्टम अच्छा होता है बल्कि स्किन प्रॉब्लम्स भी ठीक हो जाती हैं।

स्टीम लें

सर्दियों के मौसम में सप्ताह में कम से कम एक दिन तो स्टीम जरूर लें। स्टीम लेने से न सिर्फ आप खांसी-जुकाम और गले के दर्द से दूर रहते हैं बल्कि आपकी कई स्किन भी रिपेयर होती है।

कोकोनट ऑयल मसाज

सभी जानते हैं कि सर्दी के दिनों में स्किन में हाइड्रेशन की कमी हो जाती है। इस प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आपको रोजाना हाथ- पैरों पर कोकोनट ऑयल जरूर लगाना चाहिए। वहीं, चेहरे पर कोकोनट ऑयल मसाज करने के बाद चेहरे को धो लेना चाहिए।

कुछ एक्ट्रेस तो सर्जरी का सहारा लेकर अपनी नाक को शेप में लाने की कोशिश करती हैं। जिसके बाद उन्हें कई बार कई तरह के साइड इफ्केट्स भी झेलने पड़ जाते हैं।



चुकंदर

सर्दी के मौसम में कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जो किसी दवा से कम नहीं होती हैं। आप चुकंदर को सलाद में शामिल कर सकते हैं या फिर चुकंदर का जूस खाली पेट पी सकते हैं।

गुड़ का इस्तेमाल

चीनी की बजाय आपको गुड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। आप चाय और मीठी चीजों में चीनी की जगह गुड़ डाल सकते हैं। इससे आपकी हेल्थ भी अच्छी होती है। साथ ही आपका वजन भी नहीं बढ़ना।

अमित शाह ने तीसरे "नो मनी फॉर टेरर" मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया

हर स्तर के आर्थिक अपराध के लिए ट्रेस, टारगेट, और टर्मिनेट की स्ट्रेटेजी अपनानी होगी

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में तीसरे "नो मनी फॉर टेरर" मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (काउंटर-टेररिज्म फाइनेंसिंग) के समापन सत्र को संबोधित किया।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान दुनियाभर के देशों से आए प्रतिनिधियों ने टेरर फाइनेंसिंग में उभरते ट्रेंड्स, नई इमर्जिंग फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज का दुरूपयोग और टेरर फाइनेंसिंग के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर विचार-विमर्श किया ताकि प्रभावी रूप से 'नो मनी फॉर टेरर' का हमारा उद्देश्य सफल हो सके।

अमित शाह ने कहा कि सहभागी देशों और संगठनों के लिए "कॉम्बैटिंग दी फाइनेंसिंग ऑफ़ टेररिज्म" की वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की प्रभावशीलता तथा उभरती चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श करने के लिए यह सम्मेलन एक अनूठा मंच है। शाह ने कहा कि टेररिज्म ने आज एक ऐसा विकराल रूप धारण किया है जिसका प्रभाव हर स्तर पर दिखता है। उन्होंने कहा कि "टेररिज्म लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति तथा विश्व शांति के खिलाफ सबसे बड़ा नासूर है, जिसे हमें जीतने नहीं देना है"। उन्होंने कहा कि कोई भी एक देश या संगठन, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, टेररिज्म को अकेला नहीं हरा सकता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगातार इस जटिल और बॉर्डर-लेस खतरे के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भारत ने टेररिज्म के सभी रूपों सहित कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि टेररिज्म के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति, काउंटर-टेरर कानूनों के मजबूत फ्रेमवर्क तथा एजेंसियों के सशक्तिकरण के कारण भारत में टेररिज्म से होने वाली घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है तथा टेररिज्म के मामलों में सख्त सजा दिलाने में सफलता हासिल की गई है। शाह ने यह भी कहा कि इन्वेस्टीगेशन को विज्ञान और तकनीक से लैस करने के उद्देश्य से फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना से दुनिया के पहले राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। शाह ने बताया कि भारत सरकार ने यह भी तय किया है कि टेररिज्म, नारकोटिक्स और आर्थिक अपराध जैसे अपराधों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय डेटाबेस विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध का व्यापक तरीके से मुकाबला करने के लिए भारत सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना की है। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि भारत "काउंटर-टेररिज्म तथा कॉम्बेटिंग दी फाइनेंसिंग ऑफ़ टेररिज्म के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का केंद्र बिंदु होगा।

अमित शाह ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यही है कि टेररिज्म और टेरर फाइनेंसिंग के सभी चैनलों की पहचान कर, टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ एक प्रैक्टिकल तथा वर्केबल रोडमैप बनाया जाये। उन्होंने कहा कि आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक के एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर के क्रिमिनल्स हर वर्ष लगभग 2 से 4 ट्रिलियन डॉलर की लॉन्ड्रिंग करते हैं और इसमें से एक बड़ा हिस्सा टेररिज्म बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस क्वांटम और चुनौतियों को देखते हुए सभी देशों के काउंटर-टेरर और टेरर फाइनेंसिंग के क्षेत्रों में काम करने वाली एजेंसियों एवं उनके अधिकारियों को एक दीर्घकालिक रणनीति अपनानी होगी। शाह ने टेरर फाइनेंसिंग के सन्दर्भ में सम्मेवन में आए प्रतिभागियों का ध्यान कुछ विषयों की तरफ आकर्षित किया जो सभी की प्रायोरिटी होनी चाहिए।

- वित्तीय नेटवर्क में गुमनामी (अनॉनिमस) से लड़कर, लीगल वित्तीय साधनों से डायवर्जन को रोकना
- अन्य अपराधों द्वारा उत्पन्न राशि का टेररिस्ट गतिविधियों के लिए उपयोग को रोकना,
- नई फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज, वर्चुअल एसेट्स जैसे क्रिप्टो-करेंसी, वॉलेट इत्यादि का टेरर एक्टिविटीज के लिए उपयोग को रोकना,
- इल-लीगल चैनल्स, कैश कुरियर्स, हवाला का टेरर नेटवर्क द्वारा उपयोग पर नकेल कसना,
- नॉन-प्रॉफिट आर्गेनाईजेशन (NPOs) सेक्टर का टेरर आइडियोलॉजी फैलाने में दुरूपयोग को रोकना,
- सभी देशों की काउंटर-टेरर तथा फाइनेंशियल इंटेलिजेंस एजेंसियों का सतत कैपेसिटी बिल्डिंग करना।

ज्यादा पानी पीने से हुई होगी ब्रूस ली की मौत, 49 साल बाद स्टडी में बड़ा दावा

अमेरिकी नागरिक ब्रूस का देहांत जुलाई 1973 में हुआ, तब वह 32 साल के ही थे। डॉक्टर्स ने उनकी मौत की वजह सेरेब्रल एडिमा को माना था, जो कि मस्तिष्क में सूजन से जुड़ी एक तरह की बीमारी है।

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

मार्शल आर्ट के लीजेंड ब्रूस ली की मौत अधिक मात्रा में पानी पीने की वजह से हुई होगी। वैज्ञानिकों ने एक नई स्टडी में यह दावा किया है। अमेरिकी नागरिक ब्रूस का देहांत जुलाई 1973 में हुआ, तब वह 32 साल के थे। डॉक्टर्स ने उनकी मौत की वजह सेरेब्रल एडिमा को माना था, जो कि मस्तिष्क में सूजन से जुड़ी एक बीमारी है। डॉक्टरों का कहना था कि मस्तिष्क में यह सूजन अत्यधिक मात्रा में पेन किलर खाने से हुई।

नई स्टडी क्लिनिकल किडनी जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसमें शोधकर्ताओं का कहना है कि ब्रूस ली की मृत्यु इसलिए हुई क्योंकि उनके गुर्दे अतिरिक्त पानी को खत्म करने में असमर्थ थे। 'एंटर द ड्रैगन' एक्टर की मौत को लेकर इस स्टडी में जो दावा किया जा रहा है, वो पुरानी बातों से बहुत अलग है। गैंगस्टर्स ने की हत्या, लवर ने जहर दे दिया या श्राप के चलते ऐसा हुआ... ये वो बाते हैं जो ब्रूस की मौत को लेकर कही जाती हैं।

'ज्यादा पानी पीने से सोडियम का लेवल गिरा' : मार्शल आर्ट को लोकप्रिय बनाने का श्रेय ब्रूस ली को दिया जाता है। इस आर्ट के शौकीन आज भी उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। रिसर्चर्स के एक ग्रुप के अनुसार, ली को एडिमा हाइपोनेट्रेमिया की वजह से हुआ। वैज्ञानिकों का कहना है कि एक्टर की मौत हाइपोनेट्रेमिया के चलते हो सकती है। यह स्थिति तब बनती है जब बहुत अधिक पानी पीने की वजह से शरीर का सोडियम स्तर पतला हो जाता है। ऐसे में विशेष रूप से मस्तिष्क की कोशिकाएं असंतुलन के चलते सूज जाती हैं।

'प्रोटीन ड्रिंक के साथ मारिजुआना का सेवन' : रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे फैक्ट्स मिले हैं जिनसे पता चलता है कि ब्रूस ली अपनी डाइट में ज्यादा लिक्विड चीजें शामिल करते थे। वह अपनी डाइट में शामिल लिक्विड और प्रोटीन ड्रिंक में मारिजुआना यानी गांजा मिलाकर पीते थे जिससे उनकी प्यास काफी बढ़ जाती थी। साथ ही ज्यादा पेन किलर्स खाने और शराब के सेवन से भी उनकी किडनी डैमेज हुई। इसे विडंबना ही कहेंगे कि जिस आर्टिस्ट ने 'बी वॉटर माय फ्रेंड' का उदाहरण पेश किया, उसी पानी ने उनकी जान ले ली।

हरदीप पुरी ने चंडीगढ़ में रोजगार मेले के दौरान नए नव नियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिया

जालंधर ब्रीज. गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बीएसएफ पश्चिमी कमान, चंडीगढ़ के मुख्यालय में आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया। वर्ष 2023 के अंत तक 10 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए नए भर्ती किए गए युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का यह दूसरा पड़ाव था। इस अवसर पर, 45 क्षेत्रीय केंद्रों में लगभग 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। प्रारंभ में प्रधानमंत्री ने वर्चुअल मोड के माध्यम से नव नियुक्त उम्मीदवारों को संबोधित किया और उनसे राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का आग्रह किया। इसके बाद, प्रधानमंत्री जी ने ''कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल'' लॉन्च किया, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नए नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएन्टेशन कोर्स है। इसमें सरकारी सेवकों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल नैतिकता और सत्यनिष्ठा, मानव संसाधन नीतियां और अन्य लाभ और भत्ते शामिल होंगे, जो उन्हें नीतियों के अनुकूल और नई भूमिकाओं में सुचारू रूप से ढालने में मदद करेंगे। बीएसएफ पश्चिमी कमान के मुख्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित समारोह की अध्यक्षता भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने की, उन्होंने वर्चुअल मोड के अलावा चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के 171 उम्मीदवारों को भारत सरकार के कई विभागों में विभिन्न पदों के लिए प्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए, पी वी रामा शास्त्री, भारतीय पुलिस सेवा, अपर महानिदेशक, सीसुबल पश्चिमी कमान ने सीमा सुरक्षा बल पश्चिमी कमान के अंतर्गत सीमा की संवेदनशीलता और नगरीय प्रशासन की सहायता में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका के बारे में अवगत कराया।

इस आयोजन के दौरान मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड, आदि भर्ती एजेंसियों के माध्यम से एक मिशन मोड में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे भर्ती अभियान के बारे में अवगत कराया। नई भर्तियां समूह ए, बी और सी स्तरों पर 38 मंत्रालयों और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में शामिल होंगी।

उन्होंने यह भी दोहराया कि ''रोजगार मेला'' युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और समाज के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन चुकी है और अब यह हम सबकी; मुख्यतः देश के नौजवानों की प्रमुख जिम्मेवारी है कि हम इसे आगे लेकर जायें। आज के नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नवयुवकों के लिए भी उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रयासरत रहें, जिसके लिए उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्तकर्ता नवयुवकों को शुभ कामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यालय एसडीजी बीएसएफ पश्चिमी कमान के परिसर में एकत्रित हुए नवनियुक्त युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने जमकर सेल्फी लीं एवं मीडिया के प्रतिनिधियों को साक्षात्कार भी दिये। सभी उपस्थित युवाओं ने एक स्वर में जोर-शोर से नारे लगाकर प्रधानमंत्री जी एवं हरदीप सिंह पुरी मंत्री जी को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने सीआरपीएफ खेवड़ा केंद्र में आयोजित रोजगार मेले में 79 युवाओं को वितरीत किए नियुक्ति पत्र

जालंधर ब्रीज: केंद्र सरकार के 10 लाख रोजगार देने की कड़ी में हरियाणा के सोनीपत स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल केंद्र खेवड़ा (सीआरपीएफ) में आयोजित रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राज कुमार सिंह (आरके सिंह) ने 79 युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्त अभियार्थिओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2027-28 तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में उभरेगा। हमारी आर्थिक विकास की दर करीब 7 प्रतिशत है जो कि बहुत बेहतरीन है।

आज राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण खेवड़ा स्थित सीआरपीएफ केंद्र में भी किया गया, जहां केंद्रीय विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश में गरीबी में कमी आई है। देश आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर है। देश में सरकारी क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों का सृजन किया गया है। केंद्र सरकार ने सरकारी सेवाओं में 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं। दूसरे रोजगार मेले में आज देशभर में 71 हजार नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। राज्य सरकारों को भी इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे भी रिक्त पदों को भरने का काम करें। सरकार का फोकस अब रोजगार पर है।

केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने नव चयनित युवाओं को बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे नौकरी को मिशन के रूप में अपनाकर देश की तरक्की में योगदान देने के जज्बे के साथ आगे बढ़ें। देश को बनाने व बढ़ाने की जिम्मेदारी आपकी है। जो जिस भी भूमिका में है उसे देश की ताकत, एकता व अखंडता को मजबूती देने के लिए काम करना चाहिए। आपके ऊपर जो जिम्मेदारी है उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे देश के आंतरिक व बाहरी दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दें। नक्सलवाल अथवा बाहरी हमला होने पर देश की रक्षा के लिए समर्पित रहें। साथ ही उन्होंने नव नियुक्त युवाओं को प्रेरित किया कि वे आगे बढने के लिए किसी भी प्रकार के शॉर्टकट, चालाकी व प्रलोभन से दूर रहें। आगे बढने के लिए मेहनत व ईमानदारी जरूरी है। शॉर्टकट अपनाने वाला जीवन में आगे जाकर गिरता जरूर है। सिस्टम को भी कर्मठ व ईमानदार लोगों की खोज रहती है, जिनके भरोसे व्यवस्था सुचारू रूप से चलती है।

देश आगे बढ़ रहा है, जिसके लिए पर्याप्त ऊर्जा की भी आवश्यकता रहती है। इसके लिए मजबूती से प्रयास किये गये हैं। सरकारी क्षेत्र में आने पर समाज और नागरिकों के प्रति जिम्मेदारी बढ़ जाती है, जिसे पूर्ण समर्पण व ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने विस्तार से केंद्रीय मंत्री के साथ सीआरपीएफ के विषय में भी जानकारी दी। इस अवसर पर कर्मयोगी प्रारंभ योजना तथा रोजगार मेलों के संदर्भ में लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर रेंज उप-महानिरीक्षक महेंद्र सिंह सहित सीआरपीएफ के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

हर 11 मिनट में जीवनसाथी या परिवार के लोग कर देते हैं 1 महिला की हत्या: यूएन महासचिव गुतारेस

गुतारेस का यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब देश श्रद्धा वालकर की बर्बर हत्या से सहम उठा है। श्रद्धा के लीव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने उसका गला दबाने के बाद शव के 35 टुकड़े कर दिए।

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

हर 11 मिनट में एक महिला की उसके जीवनसाथी या परिवार वालों की ओर से हत्या कर दी जाती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतानियो गुतारेस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा दुनिया भर में मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे बड़ा मामला है। हर साल 25 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। यूएन महासचिव ने इस दिवस को लेकर अपने संदेश में ये बातें कही हैं।

गुतारेस का यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब भारत में लोग श्रद्धा वालकर की बर्बर हत्या से सहम उठे हैं। श्रद्धा के लीव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने जिस तरह से उसका गला दबाने के बाद शव के 35 टुकड़े कर दिए, उसे लेकर महिलाओं के प्रति हिंसा का सवाल फिर से सामने उठ खड़ा हुआ है। यूएन महासचिव ने दुनिया भर की सरकारों से अपील की है कि महिला अधिकार से जुड़े ऑर्गनाइजेशन्स और आंदोलनों की फंडिंग में 2026 तक 50% की बढ़ोतरी की जाए।

गुतारेस ने ऑनलाइन हिंसा का भी किया जिक्र : एंतानियो गुतारेस ने चेताया कि कोरोना महामारी के चलते बिगड़ी आर्थिक स्थिति और दूसरे तनावों की वजह से शारीरिक और मौखिक हिंसा में इजाफा हुआ है। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ होने वाली ऑनलाइन हिंसा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ ऑनलाइन तौर पर हेट स्पीच, सेक्सुअल हरासमेंट और इमेज एब्यूज जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं।

'महिलाओं-लड़कियों की भागीदारी सीमित' : संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, 'आधी आबादी के प्रति भेदभाव, हिंसा और एब्यूज के चलते भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इससे महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी जीवन के कई पहलुओं में सीमित हो जाती है। हमारी दुनिया के लिए यह जरूरी है कि महिलाओं तक मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, उन्हें आजादी मिले और आर्थिक आधार पर भी समानता से पेश आया जाए। महिलाओं का सतत विकास जरूरी है।'

...तुझसे बड़ा कातिल नहीं, जैन के जेल मसाज पर नए खुलासे के बाद बीजेपी का केजरीवाल पर बड़ा हमला

दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा जेल के अंदर कथित तौर पर रेप के आरोपी से मसाज कराने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'आप' पर हमला और तेज कर दिया है।

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा जेल के अंदर कथित तौर पर रेप के आरोपी से मसाज कराने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'आप' पर हमला और तेज कर दिया है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को कहा कि 'आप' एक अराजक अपराध पार्टी है। उन्होंने केजरीवाल को सबसे बड़ा कातिल बताते हुए उनका इस्तीफा मांगा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि उपमुख्यमंत्री और शराब घोटाले के आरोपी नंबर मनीष सिसोदिया एक दिन सामने आकर कहते हैं कि किसी की बीमारी का मजाक नहीं उड़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि जो प्रश्न जनता पूछ रही थी, यह जेल के अंदर आरोपी के साथ चार लोग क्या कर रहे हैं, मसाज क्यों चल रहा है, क्यों उन्होंने कैदी के कपड़े नहीं पहने हैं, क्यों मिनरल वॉटर, टीवी और एसी की सुविधा है। इसका कोई उत्तर नहीं मिला था। अराजक अपराधी पार्टी किस तरह कानून का उल्लंघन करके बेशर्मी से एक ऐसे कृत्य को जो सबको शर्मसार करता है सही बताती है। हमने उस दिन भी पुरजोर तरीके से इस बात को उठाया था।

बिना देर किए दो काम करें। पहला पूरे देश से माफी मांगें। यह जो मंत्री हैं सत्येंद्र जैन इसको एक सेकेंड भी मंत्री पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। जब हमने मुद्दा उठाया कि मसाज चल रहा है, आरोपी के सिर पर चंपी हो रही है जिसका स्पाइन से कोई लेना-देना नहीं है।

यह जो खुलासा हुआ है, मीडिया के चैनलों ने भी चलाया है। यह जो व्यक्ति मसाज कर रहा है वह पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त है और उस पर आईपीसी की कई धाराओं के तहत मुकदमा चल रहा है। पॉक्सो एक्ट देश के बच्चों को दरिंदों से सुरक्षित करने के लिए है। यह धारा इतनी गंभीर है कि इसकी सजा आजीवन कारावास है।

'आप' से यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि जो रेप का आरोपी है एक मौजूदा मंत्री को जिनको केजरीवाल कट्टर ईमानदार का सर्टिफिकेट देते हैं, वह दूसरे अभियुक्त को मसाज कैसे दे रहा है। क्या यह नहीं दिखा रहा है कि वीवीआईपी कल्चर तो एक अलग बात है। 'आप' का एक मंत्री कानून को तार-तार कर रहा है और एक आरोपी को अपने सेल में बुलाता है, जिस पर एक बच्ची के साथ बलात्कार का आरोप है।

उन्होंने कहा कि यह कैसे संभव है? यह तभी संभव है कि जब अरविंद केजरीवाल अपने भ्रष्ट मंत्री को खुली छूट देते हैं। अरविंद केजरीवाल की सोच है कि वह बच्ची जो हमारी बच्ची है उसको इंसाफ ना मिले। उसके परिवारवालों का दर्द केजरीवाल का दर्द नहीं है। पॉक्सो एक्ट में यहां तक प्रोटेक्शन है कि पीड़िता का नाम नहीं लिया जाएगा। यहां एक मुख्यमंत्री संविधान की शपथ लेकर रक्षक से भक्षक बन गया। जिसे सुरक्षा कवच बनना था वह आज अपने भ्रष्टाचारी मंत्री का सुरक्षा कवच है। वह सुरक्षा कवच बन गया एक अपराधी का, जिसने प्रथम दृष्टया बलात्कार जैसा जघन्य अपराध किया है। यह दो 'एम' का मामला है। एक और अभियुक्त है जेल से जो चिट्ठी लिख रहा था कि अरविंद केजरीवाल के इशारे पर सत्येंद्र जैन प्रोटेक्शन मनी मांगते हैं, आज जो सामने आया है यह 'प्रोटेक्शन मसाज' है। एक कैदी मसाज देगा, बदले में केजरीवाल उसे प्रोटेक्शन देंगे।

गौरव भाटिया ने कहा कि यदि यह जिम्मेदारी आपके कंधों के लिए बोझ बन गई है तो इस्तीफा दे दीजिए। 'तेरे हाथ पर खून का कतरा तो नहीं, लेकिन सब कहते हैं तुझसे बड़ा कोई कातिल नहीं'।

केजरीवाल का जमीर जो मर चुका है, उसे जगाने के लिए है, उनकी चुप्पी को तोड़ने के लिए है। एक-एक सेकेंड जो केजरीवाल चुप हैं किसी परिवार की अस्मिता लूटी जा रही है। वह बच्ची हमारी बच्ची है। यदि किसी बच्ची के साथ ऐसा घिनौना काम होता है तो सरकार की जिम्मेदारी है कि पीड़त परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हो और उसे न्याय दिलाया जाए।

गैंगस्टर राजन भट्टी के दो साथी बठिंडा से गिरफ़्तार; दो नाजायज हथियार बरामद

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़/ एसएएस नगर

पंजाब पुलिस ने बठिंडा की सुशांत सिटी में छापेमारी के दौरान गैंगस्टर राजन भट्टी के दो साथियों को गिरफ़्तार किया है। राजन भट्टी गुरदासपुर के गाँव मुसतफाबाद जट्टां का रहने वाला है और कैनेडा आधारित आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लंडा का करीबी साथी है। गिरफ़्तार व्यक्तियों की पहचान हरजसनीत सिंह (32) निवासी गाँव कोट शमीर, बठिंडा और कमलजीत सिंह (26) निवासी गाँव गुलाबढ़, बठिंडा के तौर पर हुई है। पुलिस ने इनके कब्ज़े में से .315 बोर की राइफल और .30 बोर की स्टार मैक पिस्तौल समेत गोला-बारूद भी बरामद किया। ए.आई.जी. एस.एस.ओ. सी.एस.ए.एस. अश्वनी कपूर ने बताया कि राज्य में अमन-शांति को भंग करने के दोष में लखबीर लंडा के ख़िलाफ़ दर्ज किये केस की जांच के दौरान एक मुलजिम राजन भट्टी के बारे पता लगा जो लखबीर लंडा के सीधे संपर्क में था और उसके इशारे पर ग़ैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देता था। इस सम्बन्धी 23.08.2022 को एफआईआर नम्बर 06 के अंतर्गत भारतीय दंडवली की धारा 153, 153-ए, 120-बी और हथियार एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत लखबीर सिंह लंडा और उसके अन्य साथियों के विरुद्ध पुलिस थाना एस. एस. ओ. सी. एस. ए. एस. नगर में मामला दर्ज किया गया था।

एआईजी अश्वनी कपूर ने बताया कि मुलजिम राजन भट्टी, जिसका अपराधिक पृष्टभूमि है और उसके विरुद्ध चंडीगढ़ और पंजाब में एन. डी. पी. एस. एक्ट और हथियार एक्ट के अंतर्गत इरादातन कत्ल समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं, की एस. एस. ओ. सी. पुलिस की टीमों से तरफ से निगरानी की जा रही है और उसके टिकानों पर बार-बार छापेमारी की जा रही थी।

डिप्टी कमिश्नर ने धोगड़ी रोड पर चल रहे पाइप बिछाने के कार्य का किया निरीक्षण

अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

सतही जल योजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए डिप्टी कमिशनर जसप्रीत सिंह ने आज धोगडी रोड का दौरा किया और चल रहे एमएस पाइप (2000 एमएम) डालने के कार्य की समीक्षा की।

डिप्टी कमिशनर जसप्रीत सिंह ने दौरे के बाद जानकारी देते हुए बताया कि सतही जल योजना के तहत आदमपुर के जगरावां से गांव रेरू जालंधर गांव तक 13.5 किमी पाइप बिछाई जानी है, जिसमें से 5.25 किमी पाइप का काम पूरा हो चुका है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गति में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता एवं मानक को बनाए रखते हुए शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बर्लटन पार्क, ढिल्लवां, मॉडल टाउन, सूर्या एन्क्लेव और फोकल प्वाइंट में बड़े भूमिगत टैंक बनाने का काम चल रहा है, जहां से पाइप के जरिए नहर का साफ पानी लोगों के घरों तक पहुंचाया जाएगा।

सोर्स सेग्रीगेशन, लेगेसी वेस्ट और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट की होगी साप्ताहिक समीक्षा

डीसी जसप्रीत सिंह ने जिला पर्यावरण योजना को लेकर जिले में चल रही विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सोर्स सेग्रिगेशन, लेगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) और ठोस कचरा प्रबंधन योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी,ताकि इनके साथ अन्य पर्यावरण के अनुकूल योजनाओं को एनजीटी द्वारा निगरानी समिति द्वारा निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जा सके।

स्थानीय जिला प्रशासकीय परिसर में डिप्टी कमिशनर ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार जिला पर्यावरण योजनान्तर्गत विभिन्न सहभागी विभागों को सौंपे गये कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा सम्पूर्ण कार्यो को पूर्ण करने में समय सारिणी का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निगम/परिषद में आत्म-निर्भर वार्ड तैयार करने के कार्य की समीक्षा करते हुए डिप्टी कमिशनर ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

स्पार्क मेला : सीजेएम कानून के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के बारे में जाना

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

चीफ जुडीशीयल मैजिस्ट्रेट कम सचिव जिला कानूनी सेवाए अथारिटी डा. गगनदीप कौर ने कहा कि कानून के क्षेत्र में भविष्य बहुत सुरक्षित है। उन्होंने स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में स्पार्क मेले के दौरान 'पीसीएस (न्यायिक) और अन्य कानूनी सेवाओं में करियर' विषय पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई न्यायाधीश या वकील बनना चाहता है, तो उसे 5 साल का अनुभव होना चाहिए। बारहवीं और ग्रेजुएशन के बाद तीन वर्षीय एलएलबी डिग्री कोर्स करना होगा।

सीजेएम बताया कि न्यायपालिका का हिस्सा बनने के लिए ला ग्रेजुएट को पंजाब सिविल सेवा (न्यायिक) परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशा एक वैश्विक व्यवसाय है और दुनिया को भविष्य में अधिक सक्षम वकीलों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे को समाज में उच्च सम्मान के साथ देखा जाता है जो अदालतों के माध्यम से लोगों को संवैधानिक अधिकार प्रदान करने में मूल्यवान सेवाएं प्रदान कर रहा है।

डॉ. गगनदीप कौर ने कहा कि यदि ईमानदारी, रचनात्मक सोच और मेहनत से काम किया जाए तो निर्धारित लक्ष्य को पाना असंभव नहीं है।

जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो दफ्तर में प्लेसमेंट कैंप आज

जालंधर ब्रीज.जालंधर : रोजगार उत्पति, कौशल विकास एंड ट्रेनिंग अधिकारी रंजीत कौर ने बताया कि युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मुहैया करवाने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो 25 नवंबर (शुक्रवार) को अपने दफ्तर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कर जा रहा है।

शुक्रवार को आयोजित होने वाले प्लेसमेंट कैंप में ओ.के. टूल्ज,विक्ट्री टूल्स/एजाइल हेल्थ केयर कंपनियों द्वारा टेलीकॉलर, ऑपरेशंस/अकाउंटेंट/ वेलनेस एडवाइजर के पदों के लिए योग्य उम्मीदवार(पुरूष एवं महिला) का रोजगार के लिए चुनाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में 12वीं/ग्रेजुएट शैक्षणिक योग्यता के साथ 18 से 35 वर्ष की आयु के उम्मीदवार भाग ले सकते है।

उन्होंने युवाओं से प्लेसमेंट कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाने का को कहा। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए दफ्तर के हेल्पलाइन नंबर 90569-20100 पर संपर्क किया जा सकता है।

हल्का दक्षिणी की विधायिका छिन्ना ने लुधियाना सीपी के साथ की मुलाकात

• जालंधर ब्रीज.लुधियाना

बीते दिनों मनदीप सिंह संधू को महानगर का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया, वही आज हल्का दक्षिणी की विधायिका राजिंदर पाल कौर छिन्ना ने नवनियुक्त सी.पी के साथ शिष्टाचार भेंट करी और शहर को अपराध मुक्त करवाने में उच्च कदम उठाने की गुजारिश की। विधायिका छिन्ना ने उनके साथ बैठक करते हुए लुधियाना में बढ़ रहे अपराध व ट्रैफिक की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की और लॉ एंड आर्डर को दुरुस्त करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार आम नागरिको की सरकार है इसलिए उन्होंने सी.पी साहिब से कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आम जनता को सभी प्रकार की सहूलतें मिलनी चाहिए अर्थात वी.आई.पी कल्चर का खत्मा हो, इसी प्रकार से पुलिस स्टेशनो में भी आम नागरिकों की सुनवाई पहल के आधार पर होनी चाहिए। विधायिका छिन्ना ने साथ ही लुधियाना निवासियों से निवेदन किया कि वे भी क्राइम का खात्मा करने हेतु लुधियाना पुलिस का सहयोग करे।

विभिन्न विभागों की कार्यगुजारी की समीक्षा की

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला

अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर फगवाड़ा डा. नयन जसल ने आज विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधीन चल रहे प्रोग्राम, पढो पंजाब-पढाओ पंजाब स्कूल के अंतर्गत शिक्षा विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

इसके इलावा उन्होंने कृषि, बागबानी और डेयरी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सब्सिडी कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँच सके।

डा. जस्सल ने श्रम विभाग को अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए। इसके इलावा उन्होंने मत्स्य विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की, जिससे 46 लाख पूंग की सप्लाई की जा चुकी है।

इसके अलावा उन्होंने भूमि विकास एवं जल संरक्षण विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से सिंचाई से संबंधित चल रही योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान सहकारी समितियों के अधिकारियों ने जिले में खाद की पर्याप्त आपूर्ति की जानकारी दी। इसके इलावा पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने असहाय पशुओं की संभाल व पशुओं के टीकाकरण कार्यक्रमों की जानकारी सांझा की।

अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान धान की उपज और गेहूँ बीज पर सब्सिडी के संबंध में विभाग के प्रदर्शन की समीक्षा की।

बैठक के दौरान सहायक कमिशनर उपिन्द्रजीत कौर बराड़, मुख्य कृषि अधिकारी डा.बलबीर सिंह सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पहले वनडे में आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

• बीबीसीआई

मुंबई. न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम अब वनडे सीरीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब टीम इंडिया की निगाहें वनडे सीरीज अपने नाम करने पर होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार से वनडे सीरीज का आगाज होगा। वनडे मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी शिखर धवन करते हुए नजर आएंगे। ऐसे में कल होने वाले इस भिड़ंत के पहले आज हम आपको बताएंगे की यह मैच आप कब और कहां देख पाएंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबले की आप लाइव टेलीकास्ट 'डीडी फ्री डिश' कनेक्शन वाले घरों में डीडी स्पोर्ट्स पर देख सकते हैं। इस रोमांचक मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग अमेजन प्राइम वीडियो पर देखी जा सकती है।

शिखर धवन संभालेंगे कमान : भारत के लिए वनडे सीरीज में टीम की कमान शिखर धवन के हाथों में होगी। दरअसल, टी20 सीरीज के कप्तान हार्दिक पांड्या को वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है। इसके अलावा टी20 की टीम से अलग वनडे में चार और बदलाव भी किए गए हैं। भारतीय टीम की टी20 स्क्वाड में शामिल भुवनेश्वर कुमार, ईशान किशन, हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज की जगह शार्दुल ठाकुर, कुलदीप सेन, शहबाज़ अहमद और दीपक चाहर की एंट्री हुई है। अब देखना दिलचस्प होगा कि भारत क युवा टीम कैसे कीवी टीम के खिलाफ जीत का परचम लहराती है।

वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया : शिखर धवन (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान, विकेटकीपर), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, शहबाज़ अहमद, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, कुलदीप सेन, उमरान मलिक।

भविष्य की तकनीकों में करियर क्रांतिकारी बदलाव होगा : विशेषज्ञ

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

डी.ए.वी. यूनिवर्सिटी के एसोसीएट प्रोफैसर डा. नवीन बिलंदी ने कहा कि भविष्य की तकनीकों में करियर बनाने के सुनहरे अवसर है और यह अविष्कार देश को प्रगति के पथ पर और आगे ले जाने के लिए तैयार है। स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित दो दिवसीय करियर काउंसिलिंग स्पार्क मेले के दौरान एसोसिएट प्रोफेसर डा. नवीन बिलंदी ने विद्यार्थियों को 'एपलीकेशन आफ वायरलेस नेटवर्क ' विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

स्पार्क मेले के दौरान विभिन्न करियर विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, जेनेटिक इंजीनियरिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, सेंसर टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन, हैंड टूल्स मैन्युफैक्चरिंग, स्किल इंडिया मिशन, बिजनेस मैनेजमेंट और अन्य क्षेत्रों में करियर विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों में करियर के कई अवसर है क्योंकि आने वाले दशक काफी हद तक इन तकनीकों पर निर्भर होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य की इन नवीनतम तकनीकों से जुड़कर युवा देश को अन्य देशों से आगे ले जाएंगे। इस दौरान विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी विशेषज्ञों ने दिए।

इस मौके पर डा. बी.आर.अंबेडकर नैशनल इंटीच्यूट आफ टैकनालाजी, जालंधर की प्रोफेसर सोनिया चावला ने एंटरपनियोरशिप और स्टार्ट-अप के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जबकि केंद्रीय हस्त उपकरण संस्थान के डायरैक्टर डा. सरबजीत सिंह ने स्किल अपग्रेडेशन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसी तरह डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से सहायक प्रोफेसर डा मेघा मुंजाल शर्मा और जीनए यूनिवर्सिटी से डा. प्रवीण कलसी में व्यवसाय में मौजूद अवसरों औऱ डा.सुरजीत लाल ने शार्ट टर्म कोर्स के बारे में जानकारी दी।

विश्व शौचालय दिवस : भारत संपूर्ण स्वच्छता नीतियों को लागू करने में विश्व का कर रहा नेतृत्व

• जालंधर ब्रीज. नई दिल्ली

विश्व शौचालय दिवस मनाना, एक असामान्य अवसर की तरह लग सकता है, लेकिन यह बहुत से लोगों के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण है। शौचालय के लिए समर्पित दिन, वैश्विक स्वच्छता संकट को रेखांकित करता है, जो सुरक्षित रूप से प्रबंधित शौचालय की सुविधा के बिना रह रहे दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रभावित करता है। स्वच्छ व सुरक्षित शौचालयों के बिना, मानव अपशिष्ट समुदायों के खाद्य और जल स्रोतों को प्रदूषित करते हैं, जिससे लोग बीमारी की चपेट में आ जाते हैं और कुछ मामलों में तो लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया से सबसे अधिक मौतें होती हैं।

पुरुषों और महिलाओं पर समान रूप से इस व्यापक प्रथा के हानिकारक प्रभावों के बावजूद, अपर्याप्त स्वच्छता महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है तथा इसके कारण महिलाओं में शर्मिंदा होने की संभावना अधिक होती है। शौचालय सुविधाओं की कमी के कारण महिलाओं के लिए मासिक धर्म और गर्भावस्था को अकेले में प्रबंधित करना अक्सर असंभव होता है, या उन्हें ऐसा करने के लिए अंधेरा होने का इंतजार करना पड़ता है, जो उन्हें अनजाने हमलों के प्रति कमजोर बनाता है। विश्व स्तर पर 3.6 बिलियन लोगों के पास स्वच्छता की सुरक्षित सुविधा नहीं है - इस तथ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, विश्व शौचालय दिवस, 2013 से हर साल मनाया जा रहा है। यह वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए कार्रवाई करने और 'सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 6: 2030 तक सभी के लिए स्वच्छता और जल' की उपलब्धि हासिल करने से सम्बंधित है। 2022 का अभियान 'अदृश्य को दृश्य बनाना - मेकिंग द इनविजिबल विजिबल' इस बात की पड़ताल करता है कि कैसे अपर्याप्त स्वच्छता प्रणालियां मानव अपशिष्ट को नदियों, झीलों और मिट्टी में फैलाती हैं तथा भूमिगत जल संसाधनों को प्रदूषित करतीं हैं। हालाँकि, यह समस्या खुली आँखों से दिखाई नहीं देती है। यह अदृश्य है, क्योंकि यह भूमिगत होता है। यह अदृश्य है, क्योंकि यह सबसे गरीब और सबसे कमजोर समुदायों में होता है।

विश्व शौचालय दिवस 2022 की थीम इस बात को रेखांकित करती है कि 'मानव अपशिष्ट प्रदूषण से भूजल को बचाने के लिए सुरक्षित स्वच्छता महत्वपूर्ण है' क्योंकि दुनिया एसडीजी 6 - 2030 तक सभी के लिए सुरक्षित शौचालय सुनिश्चित करना - के लक्ष्य 6.2 को पूरा करने के लिए गंभीरता से काम नहीं कर रही है। संयुक्त राष्ट्र ने इस लक्ष्य को 2030 तक हासिल करने के लिए सरकारों से चार गुना तेजी से काम करने का आह्वान किया है। यह कहा जा रहा है कि भारत में नीति-निर्माताओं के रूप में, हमने स्वच्छता और भूजल के बीच संबंध और इस महत्वपूर्ण जल संसाधन की सुरक्षा की पूरी तरह से पहचान की है; इसलिए यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि भारत ने 2019 में यानि 2030 के लक्ष्य के निर्धारित समय से 11 साल पहले ही एसडीजी 6.2 का लक्ष्य हासिल कर लिया है! 11 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों (तथा 2.18 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएससी)) के निर्माण के साथ, भारत में प्राथमिक स्वच्छता सुविधा (बेहतर स्वच्छता सुविधाएं, जो अन्य परिवारों के साथ साझा नहीं की जाती हैं) का उपयोग करने वाले लोगों का प्रतिशत 2020 में दक्षिणपूर्व एशिया के 63 प्रतिशत की तुलना में 67 प्रतिशत था। (जैसा जल आपूर्ति, स्वच्छता और आरोग्य पर डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ के संयुक्त निगरानी कार्यक्रम (जेएमपी) में कहा गया है)।

विनी महाजन
सचिव, पेयजल और स्वच्छता विभागजल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार

विश्व स्तर पर 3.6 बिलियन लोगों के पास स्वच्छता की सुरक्षित सुविधा नहीं है - इस तथ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, विश्व शौचालय दिवस, 2013 से हर साल मनाया जा रहा है। यह वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए कार्रवाई करने और 'सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 6: 2030 तक सभी के लिए स्वच्छता और जल' की उपलब्धि हासिल करने से सम्बंधित है। 2022 का अभियान 'अदृश्य को दृश्य बनाना - मेकिंग द इनविजिबल विजिबल' इस बात की पड़ताल करता है कि कैसे अपर्याप्त स्वच्छता प्रणालियां मानव अपशिष्ट को नदियों, झीलों और मिट्टी में फैलाती हैं तथा भूमिगत जल संसाधनों को प्रदूषित करतीं हैं।

यह आंकड़ा, कोविड संकट के बावजूद और बेहतर हुआ है। केवल इतना ही नहीं, बल्कि हम शौचालय के उपयोग से आगे जाकर, व्यापक अपशिष्ट प्रबंधन (विशेष रूप से मल गाद प्रबंधन (एफएसएम)) के साथ संपूर्ण स्वच्छता की ओर बढ़ रहे हैं, ताकि हमारे जल निकायों के प्रदूषण को रोका जा सके और पर्यावरण तथा लोगों की रक्षा की जा सके।

एसबीएम (जी), जो अब दूसरे चरण में है, के माध्यम से ग्रामीण भारत को ओडीएफ प्लस बनाने के क्रम में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन के लिए समर्पित कार्यक्रमों को लागू किया गया है, जैसे मानव मल के सुरक्षित प्रबंधन के लिए 147 जिलों में 392 मल प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। नवाचारों के संदर्भ में, मशीनों की मदद से गाद प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डीडीडब्ल्यूएस ने स्टार्ट-अप्स को शामिल करने के दायरे का विस्तार किया। क्राउड-सोर्सिंग तकनीकों के लिए इस साल की शुरुआत में एक स्टार्ट-अप ग्रैंड चैलेंज का आयोजन किया गया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की चुनौतियों के लिए स्थायी, किफायती, उपयुक्त और उत्तरदायी समाधानों का समर्थन कर सकता हो।

संपूर्ण स्वच्छता और ओडीएफ प्लस भारत की परिकल्पना की दिशा में हमारे प्रयास इस तथ्य पर आधारित हैं कि जल और स्वच्छता अवसंरचना, बहुआयामी सकारात्मक प्रभाव पैदा करती है, जिसे हितधारक को अतिरिक्त लाभ के रूप में दिखाया जा सकता है। ये बहुआयामी सकारात्मक प्रभाव, हितधारकों के लिए एसबीएम (जी) में अपना समय और ऊर्जा निवेश करने की दृष्टि से काफी आकर्षक हैं, जैसे जल जनित रोगों - डायरिया, हैजा, टाइफाइड, पेचिश और हेपेटाइटिस - से रुग्णता और मृत्यु दर में महत्वपूर्ण कमी; अधिक किफायती जल आपूर्ति; स्थानीय आर्थिक विकास में वृद्धि; भूजल प्रदूषण में कमी, पास के जलभृतों की पुनर्भरण स्थिति में सुधार और कृषि और/या औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपचारित जल का पुन: उपयोग। एक कार्यशील स्वच्छता प्रणाली के स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े लाभ स्पष्ट हैं तथा कुछ दूरगामी फायदे भी होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, प्राथमिक स्वच्छता में निवेश किये गए प्रत्येक 1 डॉलर से, चिकित्सा लागत और उत्पादकता वृद्धि के रूप में 5 डॉलर वापस मिलते हैं। इसके अलावा, जब सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया जाता है; तो अपशिष्ट जल; समग्र कल्याण, स्वास्थ्य, जल व खाद्य सुरक्षा एवं सतत विकास में योगदान देकर कुछ आश्चर्यजनक आर्थिक लाभ प्रदान करने में सक्षम हो सकता है।

मैं यह कहते हुए अपनी बात समाप्त करना चाहूंगी कि हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में हम देश में संपूर्ण स्वच्छता की दिशा में हर संभव प्रयास कर रहे हैं। आपको भी अपना प्रयास जरूर करना चाहिए! आप इस मुद्दे के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें और अपने देश के स्वच्छता आंदोलन में योगदान देने के लिए ज्ञान का प्रसार करने और कार्रवाई करने के प्रयास में अवश्य शामिल हों।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.